कार्यालय पुलिस उपायुक्त, काशी जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी।

प्रेस-नोट

दिनांक- 27.09.2024

विषय:- थाना रामनगर पुलिस द्वारा तश्करी से सम्बन्धित 03 राशि गोवंश एक अदद मैजिक लोडर सहित बरामद किया गया।

श्रीमान पुलिस आयुक्त वाराणसी महोदय द्वारा अपराधों की रोकथाम के मद्देनजर चोरी/लूट की घटनाओ के सफल अनावरण एवं वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त काशी ज़ोन के निर्देशन मे, अपर पुलिस उपायुक्त काशी ज़ोन के पर्यवेक्षण मे एवं श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त चेतगंज व प्रभारी निरीक्षक रामनगर के नेतृत्व में थाना रामनगर पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर दिनांक- 27.09.2024 को रामबाग पोखरा के पास से तश्करी से सम्बन्धित 03 राशि गोवंश एक अदद मैजिक लोडर सहित बरामद किया गया। उक्त बरामदगी के सम्बन्ध में थाना रामनगर में मु0अ0सं0- 180/2024, धारा- 3/5A/5B/8 उ0प्र0 गोवध निवारण अधिनियम बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया है। थाना रामनगर पुलिस द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घटना का विवरण- दिनांक 27/09/2024 को समय 01.10 AM बजे के करीब उ0नि0 राकेश कुमार सिंह चौकी प्रभारी कस्बा रामनगर मय हमराह देखभाल क्षेत्र में थे कि जरिये मुखबिर खास सूचना मिली कि पी0ए0सी0 तिराहे से पंचवटी होते हुये बिहार गोवंश को बध करने के लिए ले जाया जा रहा हैं मुखबिर की सूचना पर विश्वास कर रामबाग तिराहे पर पहुंचे तभी पी0ए0सी0 तिराहे की ओर से एक वाहन आता दिखाई दिया उक्त वाहन के चालक द्वारा अचानक पुलिस वालो को देखते ही वाहन को लगभग 100 कदम पहले ही खड़ा कर कुद कर भाग गया तत्पश्चात पुलिस वालो ने उक्त मैजिक लोडर के पास आकर देखा तो लोडर में पीछे की तरफ 03 राशि गोवंश क्रूरता पूर्वक रस्सियों से बाधकर लादे गये हैं व उसमें वाहन को पीछे से वेल्डिंग किया गया। उसमें एक राशि गाय तथा 02 राशि साड़ है। बरामद मौजिक लोड़र रजिस्ट्रेशन न0 , इंजन नम्बर व चेचिस न0 को चेक किया गया तो कही मौजूद नही मिला। गहनता से चेक करने के दौरान उक्त वाहन पर फैन (पंखा) न0 279001147704 अंकित होना पाया गया। बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 180/2024 धारा- 3/5A/5B/8 उ0प्र0 गोवध निवारण अधिनियम बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया।

सम्बन्धित अभियोग- मु0अ0सं0-180/2024, धारा- 3/5A/5B/8 उ0प्र0 गोवध निवारण अधिनियम थाना रामनगर कमिश्नरेट वाराणसी।

बरामदगी का स्थान व दिनांक- दिनांक 27/09/2024 समय 01.10 AM बजे, रामबाग पोखरा थाना रामनगर कमिश्नरेट वाराणसी।

बरामदगी का विवरण-

1. 03 राशि गोवंशीय पशु

2. एक अदद मैजिक लोडर

<u>गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण –</u>

1- प्रभारी निरीक्षक श्री राजू सिंह थाना रामनगर कमि0 वाराणसी।

2- उ0नि0 श्री राकेश कुमार चौकी प्रभारी कस्बा थाना रामनगर कमिश्नरेट वाराणसी।

3- उ0नि0 श्री पंकज मिश्रा थाना रामनगर कमिश्नरेट वाराणसी।

4- का0 सुनील चौधरी थाना रामनगर कमिश्नरेट वाराणसी।

5- का0 राहुल सिंह थाना रामनगर कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त काशी जोन
कमिश्नरेट वाराणसी।